झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में

झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में....

माता यशोदा पलना झूलामें,
चेहरे पर मधुर मुस्कान नंद जी के अंगना में,
झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में....

भीड़ लगी है नंद भवन में,
आया कौन सा यह मेहमान नंद जी के अंगना में,
झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में....

शिव शंकर दर्शन को आए,
श्री कृष्ण गए पहचान नंद जी के अंगना में,
झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में....

प्रभु दर्शन की होड़ लगी है,
क्या बालक बूढ़े जवान नंद जी के अंगना में,
झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में....

बाहर खड़े गोपी गोपीका,
लिए हाथों में पकवान नंद जी के अंगना में,
झूला झूल रहे भगवान नंद जी के अंगना में....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28474/title/jhula-jhool-rahe-bhagwan-nand-ji-ke-angna-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |